RAF SECTOR

NEWS CLIP

15/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan (Prayagraj,UP)

आरएएफ ने इंडो- नेपाल बार्डर का जायजा लिया

रैपिड एक्शन फोर्स

बहराइच | हिन्दुस्तान संवाद

सुजौली इलाके के भारत नेपाल सीमा से लगे इलाके का शनिवार को रेपिड एक्शन फोर्स ने जायजा लिया। भारत नेपाल के गैर परम्परागत दुरूह रास्तों, दुर्गम पगडंडियों का भी बारिकी से अध्ययन किया। यहां की भौगोलिक परिस्थितियों की भी जानकारी ली। पड़ोसी देश नेपाल में इन दिनों नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी विप्लव गुट की छिटपुट हिंसात्मक गतिविधियां चल रही हैं। इसकी भी जानकारी हासिल की।

प्रयागराज रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के असिस्टेंट कमांडेंट अपनी एक कम्पनी जवानों व अधिकारियों के साथ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के जंगल से सटे भारत-नेपाल सीमा का जायजा लेने पंहुचे। असिस्टेंट कमांडेंट आरके मिश्रा ने बताया कि सीमावर्ती इलाके की जानकारी के लिए भ्रमण करने आए हैं।

इस दौरान सुजौली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने आरएएफ टीम को सरहद पर भ्रमण कराया। असिस्टेंट कमांडेंट ने उनसे महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक जितेंद्र राय, जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल महीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।